जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

प्रेषक : *डॉ. एम.ए. खान*
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

क्रमांक 059
दिनांक 13.03.2019

जनेकृविवि का गरिमामय 15वॉ दीक्षांत समारोह आज

माननीय राज्यपाल श्रीमति आनंदीबेन पटेल करेंगी अध्यक्षता

आई सी ए आर के पूर्व डायरेक्टर जनरल एवं जनेकृविवि के पूर्व–कुलपति डॉ. पंजाब सिंह को मानद उपाधि से विभूषित किया जायेगा

दीक्षांत शोभायात्रा की हुई फाईनल रिहर्सल : सुरक्षा एजेंसियों ने किया मुआयना

जबलपुर 13 मार्च। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय का 15वॉ दीक्षान्त समारोह आज अपरान्ह 3.30 बजे से माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आयोजित है। देश के सर्वोच्च कृषि संस्थान आईसीएआर के पूर्व डायरेक्टर जनरल एवं जनेकृविवि के पूर्व कुलपति तथा वर्तमान में रानीलक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय झांसी के कुलाधिपति प्रो. पंजाब सिंह को डॉक्टर आफ साइंस की मानद उपाधि से विभूषित किया जायेगा वे दीक्षांत भाषण भी देंगे। कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन स्वागत भाषण एवं विश्वविद्यालय के प्रतिवेदन की प्रस्तुति देंगे। डॉ. सिंह का आज नगर आगमन होगा। नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रयागदत्त जुयाल, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. कपिलदेव मिश्रा, मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर.एस. शर्मा, धर्मशास्त्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलराज चौहान एवं जनेकृविवि के प्रबंध प्रमंडल, विद्या परिषद् एवं प्रशासनिक परिषद् के सदस्यगण, समस्त महाविद्यालय के अधिष्ठाता तथा विभागाध्यक्ष निर्धारित वस्त्र धारण कर दीक्षान्त शोभायात्रा में शामिल होंगे। सशस्त्र बल 6वीं बटालियन का बैंड दल राष्ट्रधुन प्रस्तुत करेगा। राजभवन के निर्देशानुसार पहली बार 1 छात्रा कार्यक्रम का संचालन करेगी।

दीक्षांत समारोह में 1 जनवरी 2018 से 31 दिसम्बर 2018 बैच के कृषि एवं कृषि अभियांत्रिकी संकाय के 306 छात्रों को स्नातकोत्तर उपाधियॉ एवं 28 छात्रों को विद्यावाचस्पति (पी.एच.डी.) की उपाधियॉ प्रदान की जाएंगी। 13 छात्रों को स्वर्ण पदक/नगद पुरूस्कार से अंलकृत किया जायेगा। गत वर्ष की तरह इस वर्ष दीक्षान्त समारोह में पूर्णतः स्वदेशी परिधान का उपयोग किया जावेगा।

स्वर्ण पदक/नगद पुरूस्कार– कु. अतिदि अग्रवाल को सर्वाधिक चार पुरूस्कार – 2 स्वर्ण पदक एवं 2 नगद पुरूस्कार दिये जांयेगे, वहीं अनुराग गुप्ता को 2 स्वर्ण पदक मिलेगे। इनके साथ ही कु. अंकिता बर्मन, अभिषेक जैन, शेख थजाथ, ब्रम्हानंद साहू एवं कु. आयुषी त्रिवेदी को एक–एक स्वर्ण पदक मिलेगा, जबकि कु. प्रज्ञा बघेल एवं कु. दिव्या सिंह दोनों को नगद पुरूस्कार (रू. 10 हजार) प्रदान किया जायेगा।

आज दिनभर विश्वविद्यालय में विविध तैयारियों का क्रम जारी रहा। कुलपति सभाकक्ष में महत्वपूर्ण प्रबंध प्रमंडल की बैठक सम्पन्न हुई। कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन के साथ प्रबंध प्रमंडल सदस्य श्री अश्विनी सिंह चौहान एवं श्री ओम ठाकुर, विद्या परिषद् सदस्य, प्रशासनिक परिषद् के सदस्य, अधिष्ठाता संकाय एवं अधिष्ठाता समस्त महाविद्यालय, अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, कुलसचिव श्री अशोक कुमार इंगले, संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. पी.के. मिश्रा, संचालक विस्तार सेवायें डॉ. (श्रीमति) ओम गुप्ता, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. शरद तिवारी, संचालक शिक्षण डॉ. एस.डी. उपाध्याय, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. आर.के. नेमा, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. आर.एम. साहू, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. व्ही.के. प्यासी तथा समस्त संकायों के विभागाध्यक्ष आदि ने दीक्षांत शोभायात्रा की फाइनल रिहर्सल की।

शासकीय सुरक्षा एजेंसियों ने कार्यक्रम स्थलों का सघन निरीक्षण किया। मुख्य सभागार से जुड़े विवेकानंद हॉल एवं न्यू एग्जाम हॉल में वैज्ञानिक, प्राध्यापक, छात्र एवं अभिभावकों के बैठने की व्यवस्था की गई है। इस दोनों हॉलों में स्कीन द्वारा मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जायेगा। अधिष्ठाता कार्यालय में अतिथियों की वस्त्र धारण करने की व्यवस्था की गई है।

–000–